*हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने की समीक्षा बैठक*

*निगम अधिकारी पेंडिंग फाइलों का जल्द निस्तारण कर आमजन को दे राहत*

*आयुक्त ने निगम अधिकारियों निगम क्षेत्र की सड़क, सीवर लाइन कार्य और स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य के लिए ठोस प्लान बनाने के दिए निर्देश*

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज आयुक्त डॉ निधि पटेल ने मंगलवार को निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान आयुक्त निधि पटेल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का जल्द निस्तारण करें। इस दौरान निगम आयुक्त ने ऑनलाइन पोर्टल राजकाज पर पेंडिंग शिकायतों को लेकर प्रत्येक निगम अधिकारी से वन टू वन संवाद किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि ऑनलाइन पेंडेंसी को बढ़ाया नहीं जाएं, अपितु नियत समय में ही समस्याओं का ठोस निस्तारण कर राहत प्रदान की जाएं।

*जोन उपायुक्त अपनी टीम के साथ करें समीक्षा बैठक*

इस दौरान निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि संपर्क पोर्टल या अन्य ऑनलाइन पोर्टल पर अधिकांश समस्याएं सीवर, सफाई व्यवस्था को लेकर ही आ रही है। ऐसे में हेरिटेज निगम के सभी जोन उपायुक्त अपने अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक करें और इन समस्याओं का निस्तारण भी कराएं। जिससे कि आमजन को परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि जिन जगहों पर सीवर या सफाई संबंधी समस्या ज्यादा आती हो, वहां पर निगम अधिकारी खुद मौके पर जाएं और आमजन से संवाद कर समस्या का निदान कराएं।

*सड़क, सीवर और अन्य निर्माण कार्य का करें ऑडिट, गुणवत्ता पूर्ण किया जाएं कार्य*

वहीं परकोटे में हो रहे नए निर्माण कार्यों को लेकर हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपने अपने जोन में सड़क, सीवर और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए ठोस प्लान बनाएं और इन कार्यों की ऑडिट भी कराएं । जिससे निर्माण कार्य समय पर कम बजट में गुणवत्ता पूर्ण पूरा हों सकें। इस दौरान समीक्षा बैठक में सभी जोन उपायुक्त, शाखा प्रभारी और इंजीनियरिंग विंग के अधिकारी मौजूद रहे।


Yoga


Yoga


Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam


Yoga for One Earth, One Health
Yoga
Sangam